डा0 एपी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश
जानकीपुरम विस्तार सेक्टर–11 सीतापुर रोड, लखनऊ

पत्रांकः ए0के0टी0यू0 / कुस0का0 / नामांकन / 2023 / 20833 दिनांकः 22-09-, 2023

सेवा में,

निदेशक / प्राचार्य
डॉ0ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश,
लखनऊ से सम्बद्ध समस्त संस्थान।

विषयः संस्थानों में सत्रः 2023–24 की काउंसलिंग के साथ–साथ मैनेजमेंट रिक्त सीटों को भरे जाने तथा ऑनलाइन प्री–रजिस्ट्रेशन कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषय के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि काउंसलिंग के साथ–साथ निजी संस्थानों में मैनेजमेंट कोटा / रिक्त सीटों पर दिनांक 12.10.2023 तक पूर्व की भांति प्री–रजिस्ट्रेशन किया जाना है।

क्रम सं0	विषय	तिथि
1.	ऑनलाइन पंजीयन की प्रारंभ तिथि	01.10.2023
2.	ऑनलाइन पंजीयन की अंतिम तिथि	12.10.2023

मैनेजमेंट कोटा / रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए इच्छुक अभ्यर्थी को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर पंजीकरण करना अनिवार्य होगा। संस्थान के मैनेजमेंट कोटा / रिक्त सीटों पर प्रवेश हेतु पंजीकरण विश्वविद्यालय के वेबसाइट aktu.ac.in पर सक्रिय है। ऑनलाइन प्री–रजिस्टेशन उक्त वर्णित तिथि तक पोर्टल पर कराया जाना हैं। अन्यथा की स्थिति में नामांकन प्रक्रिया में सम्मिलित नहीं किया जायेगा।

मैनेजमेंट कोटा / रिक्त सीटों के सापेक्ष प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों का विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित पंजीकरण शुल्क निम्नानुसार ऑनलाइन भुगतान करना अनिवार्य होगा।

यू0पी0टी0ए0सी0–2023 / जे0ई0ई0(मेन)–2023 / एन0ए0टी0ए0–2023 / एन0टी0ए0–2023 में सम्मिलित एवं क्रमांक धारक विद्यार्थी :–

उत्तर प्रदेश के सामान्य एवं ओ0बी0सी0 श्रेणी तथा उत्तर प्रदेश से इतर प्रदेशों के समस्त अभियर्थी	रु. 1000 / –
उत्तर प्रदेश के अनुसूचित जाति एवं जनजाति के अभ्यर्थी	रु. 500 / –

प्रवेश के इच्छुक वे अभ्यर्थी जिन्होंने यू0पी0टी0ए0सी0–2023 / जे0ई0ई0 (मेन)–2023 / एन0ए0टी0ए0–2023 / एन0टी0ए0–2023 की परीक्षा नहीं दी है परन्तु प्रवेश के इच्छुक है एवं प्रवेश हेतु निर्धारित न्यूनतम शैक्षिक अर्हता धारण करते है।

उत्तर प्रदेश के सामान्य एवं ओ0बी0सी0 श्रेणी के समस्त पुरुष अभ्यर्थी तथा उत्तर प्रदेश से इतर प्रदेशों के समस्त श्रेणी के अभियर्थी	रु. 2300 / –
उत्तर प्रदेश के अनुसूचित जाति एवं जनजाति के अभ्यर्थी तथा समस्त वर्ग की महिला अभ्यर्थी	रु. 1150 / –

नोट – पंजीकरण हेतु निर्धारित प्रक्रिया निम्नानुसार है :–

1. विश्वविद्यालय की वेबसाइट aktu.ac.in पर जाए।
2. वेबसाइट के मुख्य पेज पर पंजीकरण हेतु लिंक / पॉप–अप प्रदर्शित होगा।
3. लिंक पर क्लिक करते ही प्राथमिक पंजीकरण हेतु आवेदन का प्रारूप उपलब्ध हो जायेगा। अभ्यर्थी को वांछित सूचना, जिसमें योग्यता का विवरण पूर्ण करते हुए कोर्स का चयन करते हुए प्रक्रिया को चरणबद्ध रूप से पूर्ण करना होगा।

4. **कृपया ध्यान दें इस पेज पर भरी हुई किसी भी जानकारी को अगले चरणों में संशोधित किया जाना संभव नहीं होगा, जिसमें अभ्यर्थी का नाम, पिता का नाम, जन्म तिथि, मोबाइल नंबर, ई–मेल आई0डी0 व लेटरल इंट्री एवं उसकी योग्यता आदि का विवरण शामिल है।**
5. सूचना भरने के क्रम में अभ्यर्थी को अपने संपर्क विवरण की सूचना को मोबाइल नंबर पर ओ0टी0पी0 के माध्यम से सत्यापित करना होगा। आगे की सभी सूचनाए इसी मोबाइल नंबर तथा ई–मेल आई0डी0 से सत्यापित होगी।
6. ओ0टी0पी0 सत्यापित करने के पश्चात् आपको एक पंजीकरण संख्या उपलब्ध हो जाएगी, जिससे अभ्यर्थी अपने डैश–बोर्ड पर पहुंचेगा, जहाँ अभ्यर्थी को निर्धारित शुल्क ऑनलाइन भुगतान करना होगा। इसके बाद अभ्यर्थी को शेष जानकारी व फोटोग्राफ एवं हस्ताक्षर अपलोड करना होगा।
7. जब सभी चरण पूर्ण हो जाएंगे तब अभ्यर्थी को फाइनल सबमिट का बटन प्रदर्शित होगा, जिससे आप अपने पंजीकरण को फाइनल सबमिट कर सकेंगे और प्रिंट ले सकेंगे।
8. ध्यान रहें कि आपके पंजीकरण प्रिंट में क्यू–आर कोड अवश्य प्रदर्शित हो रहा हो।

कृपया ध्यान दें:–जिन पंजीकरण का भुगतान ऑनलाइन जमा नहीं होगा वह पंजीकरण मान्य नहीं होगा।

भवदीय,

(रीना सिंह)
कुलसचिव

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. वित्त अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
2. परीक्षा नियन्त्रक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
3. उप कुलसचिव, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
4. प्रभारी, ई0आर0पी0, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित की आवश्यक कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें।
5. स्टाफ आफीसर, मा0 कुलपति महोदय ए0के0टी0यू0, लखनऊ।

(रीना सिंह)
कुलसचिव